खबर संक्षेप

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर कंट्रोल रूम स्थापित

**कटनी।** शुक्रवार, 17 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के विधानसभा क्षेत्र बहोरीबंद (स्लीमनाबाद) में प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने जिला पंचायत में कंट्रोल रूम गठित करते हुए प्रभारी अधिकारी के अतिरिक्त दस लोक सेवकों को सुचारू क्रियान्वयन हेतु अहम जिम्मेदारी सौंपी है। संबंधित अधिकारी-कर्मचारी स्थापित कंट्रोल रूम में उपस्थित होकर परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे। अधिकारी एवं कर्मचारी जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर द्वारा सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## नाबालिग को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**सिलौंडी।** सिलौडी चौकी पुलिस द्वारा नाबालिग गुमशुदा लड़की को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया । पुलिस के अनुसार 11 जुलाई को फरियादिया ने चौकी उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख करायी की इसकी लड़की रात्रि 11 बजे करीब से कही चली गई थी। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया था । अपहृता की पता तलाश सूत्रो एवं तकनीकि आधार पर की गई एवं 15 जुलाई को अपहृता की दस्तयाबी बहोरीबंद से की गई और परिजनो के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी अनिल कुमार पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा आर. धर्मवीर सिंह रामसेवक विश्वकर्मा की भूमिका रही।

## घुमंतू मवेशियों को भेजा गया कांजी हाउस




**कटनी।** नगर में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं घुमंतू मवेशियों से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम की हांका टीम द्वारा घुमंतू मवेशियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि बुधवार शाम चलाए गए अभियान के तहत नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पन्ना मोड तिराहा, कुठला स्थित इंडिया होटल के पास, नदी पार स्थित मुक्तिधाम मोड, जगन्नाथ चौक कटनी नदी ब्रिज पर चलाए गए अभियान के दौरान 10 घुमंतू मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजा गया। निगम प्रशासन ने बताया कि सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है तथा यातायात भी प्रभावित होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए हांका टीम नियमित रूप से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई कर रही है। निगम ने पशुपालकों से भी अपील की है कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें तथा उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखें, जिससे शहर में सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवागमन बनाए रखा जा सके।

### यात्रियों की होती है फजीहत, गर्मी में तपिश एवं बारिश में भीगते हैं यात्री

# उमरियापान में बस स्टैंड नहीं, सड़क पर बसों के खड़े होने से लगता है जाम

उमरियापान में स्थायी बस स्टैंड का सपना तीन दशक बाद भी अधूरा है। बस स्टैंड नहीं होने से यात्रियों को आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव में परेशानी झेलनी पड़ रही है। बसें सड़क किनारे खड़ी होने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। गर्मी में यात्रियों को तेज धूप में तो बारिश के दिनों में कीचड़ और पानी के बीच बसों का इंतजार करना पड़ता है। बैठने, पेयजल और छाया जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है, जिससे महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।



हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान से कटनी, सिहोरा, मझगवां, ढीमरखेड़ा, उमरिया और जबलपुर सहित विभिन्न मार्गों पर प्रतिदिन करीब 60 से 70 बसों का संचालन होता है। इन बसों से हजारों यात्री रोजाना आवागमन करते हैं, लेकिन अस्थायी बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। परिसर में फैली गंदगी, हैंडपंप और सार्वजनिक शौचालय के आसपास बदबू के कारण यात्रियों के साथ दुकानदार भी परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से बस स्टैंड निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं।

### 1993 में रखी गई थी आधारशिला, फाइलों में अटका निर्माण

उमरियापान में वर्ष 1993 में तत्कालीन एसडीओ अजीत केशरी ने बस स्टैंड की आधारशिला रखी थी, लेकिन 33 वर्ष बाद भी निर्माण शुरू नहीं हो सका। बस स्टैंड के लिए आरक्षित भूमि अतिक्रमण की चपेट में है। बाद में प्रशासन ने उमरियापान से करीब एक किलोमीटर दूर बम्हनी में भूमि चिन्हित कर सर्वे और नपाई कराई तथा प्रस्ताव वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा। वर्ष 2016 में लोकसभा उपचुनाव के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उमरियापान को नगर परिषद का दर्जा देने और आधुनिक बस स्टैंड निर्माण की घोषणा की थी, लेकिन यह घोषणा अब तक अमल में नहीं आ सकी। वर्ष 2019 में तत्कालीन कलेक्टर ने तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद 33.58 लाख रुपए के बजट की मांग शासन से की थी, लेकिन स्वीकृति नहीं मिलने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। इसके बाद भी जिला प्रशासन ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को बजट आबंटन के लिए पत्राचार किया, पर मामला अब भी लंबित है।



## चाकू से हमला करने वाले दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत बस स्टैंड क्षेत्र में बाइक निकालने को लेकर हुए विवाद में दो युवकों ने एक पल्लेदार पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के कुछ ही घंटों के भीतर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू और मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

पुलिस के अनुसार, 14 जुलाई की रात करीब 10 बजे घायल दौलत चौधरी (34) निवासी ग्राम खड़ौला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घायल ने बताया कि वह अपने भतीजे आनंद चौधरी के साथ बस स्टैंड से घंटाघर की ओर पैदल जा रहा था। दीपश्री दुकान के पास बाइक सवार युवकों ने तेज रफ्तार में वाहन निकाला, जिस पर उसने सावधानी से चलाने की बात कही। इसी बात से नाराज होकर दोनों युवक बाइक रोककर गाली-गलौज करने लगे और विरोध करने पर चाकू से हमला कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 771/26 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुक्तिधाम क्षेत्र में दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में गुरूकृपा उर्फ वीरू रैदास (18) निवासी कोल बस्ती, नदीपार तथा एक 17 वर्षीय विधि-विरुद्ध बालक शामिल है।

संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

## जिपं सीईओ ने मैदानी स्तर पर ठोस और प्रभावी क्रियान्वयन हेतु साझा किए विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं जल निगम मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में ग्रामीण नागरिकों को पेयजल आपूर्ति निर्बाध और निरंतरता के साथ सुनिश्चित कराने ग्रामीण नल जल योजना संचालन,संधारण एवं प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन और आवश्यक जानकारी दिए जाने हेतु संभाग स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जबलपुर में हुआ। जल निगम के प्रबंध संचालक एवं पूर्व कलेक्टर कटनी के.व्ही.एस.चौधरी ने ग्रामीण पेयजल आपूर्ति की मूल अवधारणा, प्रत्येक परिवार को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने, ग्राम पंचायतों द्वारा पेयजल आपूर्ति,नियोजन एवं वित्तीय व्यवस्था,संचालन-संधारण एवं प्रबंधन की कार्यप्रणाली , जिला एवं जनपद स्तरीय स्वच्छता समितियां, डिजिटल एप्लीकेशन का उपयोग के संबंध में विस्तार से प्रतिभागियों को जानकारी देते हुए उपयोगी टिप्स दिए एवं जिज्ञासु प्रतिभागियों के प्रश्नों का सरलता से समाधान किया।

सेवा निवृत्त जल निगम के मुख्य महाप्रबंधक पी.के रघुवंशी एवं ग्रामीण जल नीति विशेषज्ञ,पीएमयू, जल निगम प्रबल प्रताप सिंह ने पेयजल गुणवत्ता एवं जल निरंतरता सुनिश्चित कराने तथा पंचायत दर्पण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन बिल एवं भुगतान के के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी।

### कार्यशाला में इन जिलों के प्रतिभागी शामिल हुए

आयोजित संभाग स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जबलपुर, कटनी, डिंडोरी एवं नरसिंहपुर के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

आयोजित मैराथन कार्यशाला में प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने ग्रामीण नागरिकों को शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति, जल की गुणवत्ता हेतु 22 जून 2026 को प्रकाशित राजपत्र में प्रकाशित नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विचार साझा किए। उन्होंने ग्राम पंचायतों द्वारा अधिरोपित कर, शुल्क, प्रभार और ऑनलाइन करों,शुल्क के देयक जारी करने की विधि और नागरिकों द्वारा ग्राम पंचायत ऑनलाइन भुगतान किए जाने के संबंध में वृहद रूप से अवगत कराया।

### इनकी रही मौजूदगी

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा की प्रभारी कार्यपालन यंत्री मेघा मौर्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री हनुमत गुप्ता सहित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तकनीकी अधिकारी और अन्य जिला तथा खंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित



सुनील सुधा रांधेलिया फाउंडेशन द्वारा शासकीय विद्यालय के सैकड़ों बच्चों को कम्प्लीट कम्पास बॉक्स सेट, पेंसिल, रबर, स्केल, शार्पनर सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री और मिठाइयों का वितरण किया गया। इस पहल को शिक्षा और सेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है। आयोजन के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। संस्था का मूल उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक हर संभव सहायता, मदद और आशा पहुंचाना है। आयोजन के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया, जिसने कार्यक्रम को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थितश्रीमती सुधा सुनील रांधेलिया, संभव रांधेलिया,श्रीमती श्वेता संभव रांधेलिया, सम्राट रांधेलियासंस्था की फाउंडर सौम्या रांधेलिया, मदन दुबे, अजय कुशवाहा, दीपक तिवारी, राम यादव, आरिफ खान, सूरज निषाद एवं अन्य गणमान्यजनो की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कटनी आगमन को लेकर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शुक्रवार, 17 जुलाई को प्रस्तावित कटनी प्रवास को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष तिवारी ने कार्यक्रम के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य अधिकारियों की की ड्यूटी निर्धारित किया है। साथ ही सभी नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय सीमा में अपने दायित्वों का प्रभावी एवं जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जारी आदेश के अनुसार संपूर्ण कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र को नोडल अधिकारी तथा एसडीएम बहोरीबंद प्रदीप मिश्रा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम स्थल में मंच पर कानून एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट जीतेन्द्र कुमार पटेल, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ढीमरखेड़ा नितिन कुमार पटेल को दी गई है।

कार्यक्रम स्थल में वीआईपी प्रवेश द्वार पर कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट बड़वारा ऋषि गौतम और मुख्यमंत्री के सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए एसडीएम बहोरीबंद प्रदीप मिश्रा, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट स्लीमनाबाद आकाशदीप नामदेव को दायित्व सौंपा गया है। वहीं हेलीपेड पर कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए एसडीएम विजयराघवगढ विवेक कुमार गुप्ता कों जिम्मेदारी दी गई है।

कार्यक्रम स्थल पर ग्रीन रूम व सेफ हाउस में कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि गोहल, निर्माणाधीन टनल के पास स्थित ग्रीनरूम व सेफ हाउस में कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट रीठी आकांक्षा चौरसिया, वीआईपी पार्किंग स्थल पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सिलोड़ी संतोष श्रीवास्तव, वृक्षारोपण स्थल पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट विजयराघवगढ राजेन्द्र श्रीवास्तव, प्रेसवार्ता स्थल पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट विगढ मनीष शुक्ला तथा इसरार खान की ड्यूटी लगाई है।

महापौर ने समीक्षा बैठक में कार्यों की प्रगति की ली जानकारी

## निर्माण कार्यों की करें मानीटरिंग, तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता पर रखें विशेष नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बुधवार 15 जुलाई को लोक निर्माण विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने शहर में प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में चौपाटी निर्माण कार्य, कटाए घाट रिवर फ्रंट, थाना तिराहा से मिशन चौक तक डिवाइडर निर्माण, सड़क, नाली निर्माण व कवरिंग कार्य सहित विभिन्न विकास अधोसंरचना कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। महापौर ने निर्देशित किया कि प्रस्तावित कार्यों की आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर कार्यों को गति प्रदान की जाए, जिससे नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने भूमिपूजन हो चुके कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने निर्देश दिए।

बैठक में नाली निर्माण एवं नाला कवरिंग कार्यों की भी समीक्षा के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नाली निर्माण कार्यों में पर्याप्त संख्या में चैंबर बनाए जाएं तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही निर्माणाधीन सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग संबंधित अधिकारियों द्वारा की जाए व निर्माण कार्यों के दौरान गुणवत्ता, तकनीकी मानकों एवं निर्धारित समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों की सतत निगरानी से कार्यों में गुणवत्ता बनी रहेगी और नागरिकों को समय पर सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। महापौर ने कहा कि शहर के विकास कार्यों का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर सुविधाएं, सुगम आवागमन और व्यवस्थित शहरी वातावरण उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए तथा किसी भी कार्य में अनावश्यक विलंब न हो।

विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने पर दिया जोर

## महापौर ने विद्यालयों में चल रहे कार्यो का लिया जायजा, दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को वर्षा ऋतु के दौरान सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर मरम्मत एवं संधारण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्हीं कार्यों की प्रगति का जायजा लेने महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार 14 जुलाई को एमआईसी सदस्यों एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ विभिन्न शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने शासकीय एनकेजे स्कूल, केरिन लाइन शासकीय स्कूल, साधुराम उच्चतर माध्यमिक शाला तथा के.सी.एस. कन्या शाला पहुंचकर मरम्मत कार्यों का



अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालयों की छत, भवन, शौचालय एवं अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि वर्षा ऋतु में विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

महापौर श्रीमती सूरी ने विद्यालयों में उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई, विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं चल रहे मरम्मत कार्यों के संबंध में जानकारी ली।साथ ही विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और शहर का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है।

उन्होंने शिक्षकों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शाला परिसर में अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय हरियाली बढ़ाने का संकल्प लेकर पौधरोपण करे तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण की भी जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने विद्यार्थियों से भी पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर प्रकृति को सुरक्षित एवं समृद्ध बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में छत मरम्मत, बाथरूम मरम्मत, प्लास्टर, वॉटरप्रूफिंग एवं भवन सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें रवीन्द्रनाथ टैगोर नवीन स्कूल भवन (फर्स्ट फ्लोर निर्माण), धंती बाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल सिविल लाइन, अमकुही स्कूल, नदी पार स्कूल, आधारकाप स्कूल, कुठला स्कूल, मंगल नगर स्कूल, बिलगांव स्कूल, छापरवाह प्राथमिक शाला, सीएलपी स्कूल, बंधवा टोला स्कूल, बरगवां स्कूल, पड़रवारा स्कूल, केरिन लाइन स्कूल तथा एनकेजे स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में आवश्यक मरम्मत एवं संधारण कार्य कराए जा रहे हैं। इन कार्यों का उद्देश्य वर्षा ऋतु में विद्यार्थियों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है।

## कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को दिलाई गई नशामुक्ति शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में "नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। इस दौरान प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है तथा यह युवाओं के भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नशे की लत से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, इसलिए युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं एवं समस्त स्टाफ को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने नशे से दूर रहने एवं दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस प्रभारी डॉ. शिल्पी कुमारी सिंह, डॉ. रश्मि सिंह, श्रीमती रिचा दुबे, डॉ. प्रतिमा सिंह तथा एनसीसी प्रभारी सुश्री मिथलेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

आठवीं पुण्यतिथि
आठवीं पुण्यतिथि पर
विनम्र श्रद्धांजलि

स्व.अनुप्रास सिंह राजपूत (भानु)
17 जुलाई 2026
आपकी मधुर स्मृति ,स्नेह मार्गदर्शन हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगे। आपकी पुण्यतिथि पर समस्त परिवारजन आज भीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते है। आपका आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव बना रहे।
श्रीमती अजली सिंह राजपूत (धर्मपत्नी)
वेदिका सिंह (पुत्री)
श्री कीर्तिभान सिंह राजपूत (पिता)
श्रीमती निर्मला सिंह राजपूत (माता)
स्थान- निज निवास स्लीमनाबाद तिराहा

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवक घायल, एक गंभीर

तेंदूखेड़ा। तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झरौली के दो युवक कलेहरा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए। जबेरा क्षेत्र के रिश्तेदार तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर एक युवक की हालत गंभीर होने के चलते जबलपुर मेडीकल कालेज रिफर किया गया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार डालसिंह पिता धनसिंह गौड़ 49, विक्की खान पिता सगीर 26 निवासी ग्राम झरौली किसी कार्य से जबेरा गए थे वापिस लौटते समय कलेहरा के पास दोपहर 3.30 बजे अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग गया। डालसिंह ने अपने रिश्तेदारों को फोन से सूचना दी रिश्तेदार प्राइवेट वाहन से नगर के स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां विक्की खान को सिर में गंभीर चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रिफर किया गया हैं वहीं धनसिंह का इलाज जारी हैं।

### पंचायत मंत्री श्री पटेल दमोह प्रवास पर

दमोह । प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल शुक्रवार, 17 जुलाई को दमोह जिले के मगरोन स्थित जरारूधाम गौ-अभ्यारण्य में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंचायत मंत्री श्री पटेल सुबह 08 बजे जरारूधाम पहुंचेंगे, जहां परम पूज्य दादा गुरु जी के सानिध्य में 2100 देव मूर्तियों की स्थापना एवं वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसके उपरांत सुबह 11 बजे वे परम पूज्य दादा गुरु जी के सानिध्य में आयोजित रक्तदान शिविर, सत्संग संवाद तथा प्रसादी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### ग्राम पंचायतों में रोजगार नहीं मिलने से दूसरे शहर जाते है लाखों मजदूर

# दुर्घटनाओं से नहीं लिया सबक, मालवाहकों में बैखौफ ढोए जा रहे हैं ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेंदूखेड़ा तहसील के अनेक ग्रामों के मजदूर रोजगार की तलाश में दूसरे शहरों को जाने के लिए मजबूर हो रहे हैं और उनके पास किराया के लिए पर्याप्त पैसे न होने के कारण उन्हें मजबूरीवश मालवाहको 'से यात्रा करना पड़ रहा है। वहीं इन मालवाहकों में क्षमता से अधिक वजन होने के कारण इससे कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की इस ओर नजर तक नहीं जा रही है। तेंदूखेड़ा में मंगलवार को सुबह करीब 8 बजे से लेकर 10 बजे तक 100 से अधिक मालवाहकों से मजदूरों को ढोते हुए देखा गया।





#### ग्रामों में नहीं है रोजगार

पलायन करने वाले मजदूरों से जब बात की तो उन्होंने बताया कि उनके पास खेती के लिए पर्याप्त जमीन नहीं है और परिवार के पालन पोषण के लिए पर्याप्त मजदूरी भी प्राप्त नहीं हो रही है। इसके अलावा उन्हें शासन द्वारा भी कोई सुविधा प्रदान नहीं की जा रही है जिस कारण से परिवार का भरण पोषण करने के लिए दूसरे प्रदेशों में जाना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि जी राम जी योजना के तहत ग्राम पंचायतों में होने वाले कार्य मशीनों से करवा दिए जाते हैं और फर्जी मस्टर लगाकर राशि आहरित कर ली जाती है जबकि जी राम जी योजना के तहत 125 दिन रोजगार देने की योजना है लेकिन जमीनी स्तर पर 10 दिन भी लोगों को रोजगार उपलब्ध नहीं हो रहा है।

#### अधिकांश गांवों से कर रहे पलायन

पलायन करने वाले मजदूर राहुल केवट, पुष्पा बाई, गौरा बाई, अमन केवट, संजय ठाकुर, रामकुमार सिंह, मनोज गौड़ ने बताया कि वह ग्राम में काम मांगने के लिए अधिकारियों के समक्ष जाते है लेकिन उनके द्वारा न तो उनकी बात को ठीक से सुना जाता है और न ही उन्हें रोजगार के लिए ध्यान दिया जाता है। यदि किसी को काम दिलाया भी जाता है तो उसे भी केवल 1 से 3 दिन के लिए ही काम दिया जाता है। इससे उनके परिवार का ठीक तरीक से भरण पोषण नहीं हो पाता है जिस कारण से उन्हें मजदूरी करने दूसरे प्रदेशों में जाना पड़ता है। गौरतलब है कि तेंदूखेड़ा तहसील में 62 पंचायतें है। इनके अधिकांश गांव में पलायन की स्थिति है और किसी-किसी गांव में आधे से अधिक आबादी पलायन कर चुकी है।

#### साल भर में 10 दिन भी काम नहीं मिल रहा ग्रामीणों को

मजदूर अंशुल यादव, पप्पू अहिरवार, बलराम गौड़, रामकुमार केवट ने बताया कि उन्हें पहले मनरेगा योजना थी जिसको बदलकर जी राम जी कर दी गई इस योजना के तहत 125 दिन लोगों को रोजगार देने का नियम है लेकिन आज तक कोई काम नहीं मिला है। गौरतलब है कि शासन द्वारा चलाई जा रही है जी राम जी योजना के तहत ग्रामीणों को 125 दिन कार्य देने का प्रावधान है जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके और उनके परिवार का भरण पोषण हो सकें लेकिन तेन्दूखेड़ा तहसील के लगभग सभी ग्राम पंचायतों में कार्य करने के लिए मानव श्रम न लेकर मशीनों से कार्य कराने के आरोप पलायन करने वालें मजदूरों ने लगाया है। मंगलवार की सुबह साढ़े 9 बजे से 10 बजे के बीच तेंदूखेड़ा के विभिन्न मार्गों पर 80 से 100 मालवाहकों को जाते देखा गया और प्रत्येक वाहन में क्षमता से अधिक भार था किसी-किसी वाहन में तो 60 से 70 मजदूर बैठे थे कुछ मजदूर बाहर भी लटके दिखे। जिन्हें देखकर लगा यदि वाहन के साथ कोई हादसा हो गया तो कईयों की जान पर बन आएंगी। हालांकि ये नजारा हर दिन के हैं गौर करने वाली बात ये है कि मालवाहकों में मजदूरों को ढोए जाने के संबंध में पुलिस, आरटीओ से लेकर प्रशासन के अधिकारियों को जानकारी है लेकिन किसी ने भी कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाई है। इस संबंध में जब तेन्दूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर से बात करने के लिए संपर्क किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया

#### ग्राम पंचायत में पर्याप्त काम

इस संबंध में तेंदूखेड़ा एसडीएम सीजी गोस्वामी ने कहा मै ओवरलोडिंग वाहन के संबंध में थाना प्रभारी से बात करता हूं। अगर ग्राम पंचायतों में लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है और मशीनों से कार्य कराए जा रहे हैं मैं जांच करवाता हूं साथ ही ग्राम पंचायतों में जी रामजी योजना के तहत पर्याप्त काम है ग्राम के लोग ग्राम पंचायत जाकर सरपंच सचिव के बात करें या फिर मेरे पास आए कहां काम नहीं मिल रहा है

**सीजी गोस्वामी एसडीएम, तेन्दूखेड़ा**

## तेंदूखेड़ा में लाल मुंह के बंदर का आतंक



तेंदूखेड़ा। नगर के वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 में पिछले कई महीनों से एक लाल मुंह के बंदरिया का आतंक लगातार बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बंदर अब तक लगभग 100 बालक-बालिकाओं सहित कई लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुका है। बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्रवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम लगभग 6:30 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद जिगर अहिरवाल पिता– जितेंद्र अहिरवाल, निवासी गुबरा, ग्राम पंचायत बगदरी, जो कक्षा दूसरी का छात्र एवं आरुष स्कूल का विद्यार्थी है, कोचिंग से पढ़ाई कर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान वार्ड क्रमांक 11 स्थित नागसेन बाबू की बाली गली के पास घात लगाए बैठे लाल मुंह के बंदरिया ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हमले में बंदर ने बालक के कान पर काट लिया, जिससे वह घायल हो गया।घटना के तुरंत बाद परिजन एवं स्थानीय लोगों ने बालक को शाम लगभग 7 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। उपचार के दौरान बालक ने बताया कि पिछली रात उसे सपने में बंदर दिखाई दिया था और अगले ही दिन उसी बंदर ने उस पर हमला कर दिया। बालक की बात सुनकर परिजन और मौजूद लोग भी भावुक हो गए।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस बंदरिया के आतंक से बच्चे घर से बाहर निकलने और स्कूल-कोचिंग आने-जाने में डरने लगे हैं। अभिभावकों में भी लगातार चिंता बनी हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कई बार वन विभाग को इस संबंध में सूचना दी गई, लेकिन विभाग द्वारा यह कहते हुए कार्रवाई नहीं की गई कि लाल मुंह के बंदरिया को पकड़ने की व्यवस्था उनके पास नहीं है अथवा इस संबंध में नियमों के कारण कार्रवाई संभव नहीं हो पा रही है।

वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 के रत्नेश जैन, प्रह्लाद रैकवार, मुकेश रैकवार, आसाराम गोविंद राय सोनू राय रूपेश सहित अन्य नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर बंदरिया के आतंक से लोगों को राहत दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। नागरिकों ने प्रशासन एवं संबंधित विभागों से जनहित में आवश्यक कदम उठाकर बच्चों और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

वन परीक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन का कहना है कि लाल मुँह के बंदर वन्यप्राणी में नहीं आते उसके बावजूद हम लोगों ने मथुरा से आई टीम के साथ एवं कई बार वन विभाग की टीम इस लाल मुँह की बंदरिया को पकड़ने के लिए जाल पिंजरा के साथ कोशिश की है लेकिन वह पकड़ में नही आई है नगर परिषद की जिम्मेदारी है कि किसी प्रकार से वह इस बंदरिया को पकड़े और वार्ड वासियों को राहत दिलाये हालाकि हमारा विभाग भी तत्परता से उसे पकड़ने का प्रयास कई बार कर चुका है और आगे भी करेगा लेकिन वह पेड़ पर चढ़ जाती है तो उतरती ही नहीं है।

## एमएम राही ब्लॉक अध्यक्ष एवं अमर सिंह बने काग्रेंस के नगर अध्यक्ष





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के कुशल मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में संगठन के सशक्तिकरण को लेकर संचालित संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन के दमोह जिला प्रभारी हर्ष यादव की अनुशंसा एवं जिला अध्यक्ष मानक पटेल की सहमति से उप ब्लॉक हिण्डोरिया पद का अध्यक्ष लगातार तीसरी बार एमएम राही को बनाया गया। वहीं नगर के वार्ड नं. 05 निवासी ठा.अमर सिंह लोधी उर्फ भैय्यन बब्बा को नगर अध्यक्ष बनाया गया है। इनकी नियुक्ति पर साहब सिंह, लालमन कोष्टी, अलीम भाई, नाथूराम पटेल, बिहारी पटेल, महेंद्र उपाध्याय, एड- राजेंद्र चौधरी, प्रीतम सिंह ,मुन्ना लाल कोरी मासाब, मोहन पटेल लौंडा, कलू सिंह आदिवासी, कमल सिंह गुंजी, मनोज राय, कलू अहिरवार, पर्वत सिंह कुड़ई , बहादुर सिंह लुहर्रा, घनश्याम सिंह, राजेश पटेल, मुरलीधर चौरसिया हिंडोरिया, अनार मुडा. किला आदि के द्वारा हर्ष व्यक्त कर बधाई प्रेषित की गई है।

## कथा में शुक्रदेव परिक्षित प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

दमोह। शहर के धरमपुरा वार्ड में आयोजित श्रीमद भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। कथा के दूसरे दिन 16 जुलाई 2026, गुरुवार को बुंदेलखंड के प्रसिद्ध कथाव्यास श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज द्वारा श्री शुकदेव जी एवं राजा परिक्षित जन्म प्रसंग का ऐसा सजीव एवं मार्मिक वर्णन किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान कथा व्यास श्री कमलेश्वरानंद जी महाराज ने शुकदेव जी के अलौकिक ज्ञान, वैराग्य और आध्यात्मिक ऊंचाइयों का वर्णन करते हुए बताया कि उनका जीवन मानव को मोह-माया से दूर रहकर ईश्वर भक्ति में लीन रहने की प्रेरणा देता है। वहीं राजा परिक्षित के जन्म और उनके जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों को विस्तार से समझाते हुए कहा कि किस प्रकार श्राप मिलने के बाद



उन्होंने संसारिक बंधनों को त्यागकर श्रीमद भागवत कथा का श्रवण किया और मोक्ष का मार्ग अपनाया। व्यास जी ने अपने प्रवचन में कहा कि भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला दिव्य मार्ग है, जो व्यक्ति को सत्य, धर्म और भक्ति की ओर अग्रसर करता है। कथा के बीच-बीच में गूंजते भजन-कीर्तन और “राधे-कृष्ण” के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। श्रद्धालु घंटों तक मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे। श्रीमद्भागवत कथा कथा मुख्य श्रोता श्रीमती लक्ष्मीबाई नन्ने भाई बरदिया सहित महिला, पुरुष, युवा और बच्चों की भारी उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं ने कथा स्थल को एक आध्यात्मिक धाम का रूप दे दिया।

## जिला बाल अधिकार सहयोगी ने संभाला कार्यभार

दमोह। नीति आयोग तथा एसोसिएशन फॉर वॉलंट्री एक्शन (AVA) के सहयोग से जिला दमोह में लक्ष्मण भागमल ने 11 जून 2026 को जिला बाल अधिकार सहयोगी (Child Rights Associate - CRA) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उनका मुख्य दायित्व विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जिले में बाल संरक्षण तंत्र को सुदृढ़ बनाना तथा नीति आयोग के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (ADP/ABP) के अंतर्गत बाल अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिला बाल अधिकार सहयोगी बाल संरक्षण से संबंधित योजनाओं की नियमित निगरानी करेंगे तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही नीति आयोग के निर्धारित संकेतकों (Indicators) के अनुरूप जिले के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए भी आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से आग्रह किया है कि विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठकों में जिला बाल अधिकार सहयोगी लक्ष्मण भागमल को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि सुरक्षित बाल ग्राम (SBG) अभियान के माध्यम से दमोह जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने सहित बाल संरक्षण एवं बाल अधिकारों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में समन्वित प्रयास किए जा सकें। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए एसोसिएशन फॉर वॉलंट्री एक्शन (AVA) को आवश्यक सहयोग एवं सहायता प्रदान की जाए तथा जिला बाल अधिकार सहयोगी को समय-समय पर अपेक्षित विभागीय जानकारी उपलब्ध कराई जाए, जिससे बाल अधिकारों से संबंधित योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके।

## मड़ियादो में डॉ. रामगोपाल सोनी की धर्मपत्नी को श्रद्धांजलि



मड़ियादो (दमोह)। मड़ियादो में डॉ. रामगोपाल सोनी की धर्मपत्नी के निधन पर पंचायत मंत्री प्रहलाद पटैल सहित जनप्रतिनिधियों एवं समाजजनों ने उनके निवास पहुंचकर दिवंगत पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शोकाकुल परिजनों से भेंट कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की गईं। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई तथा शोक-संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। श्रद्धांजलि के अवसर पर परिजनों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

# किसानों ने अपनाया नवाचार, कर रहे औषधीय फसल चिया सीड की खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



खरीफ सीजन में जहां विकासखंड के अधिकांश किसानों ने परंपरागत रूप से धान,मक्का एवं अन्य पारंपरिक फसलों की बोवनी की है, वहीं क्षेत्र के कुछ प्रगतिशील किसानों ने खेती में नवाचार अपनाते हुए औषधीय एवं व्यावसायिक महत्व वाली चिया सीड (सल्विया हिस्पैनिका) की खेती शुरू कर एक नई मिसाल पेश की है। क्षेत्र में पहली बार बड़े स्तर पर चिया सीड की खेती का यह प्रयोग फसल विविधीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वर्तमान में विकासखंड में केवल दो किसानों द्वारा लगभग 50 से 60 एकड़ क्षेत्र में चिया सीड की खेती की गई है। इनमें नरगुँवा निवासी किसान राजकुमार सिंह ठाकुर तथा शिवलाल खमरिया ग्राम पंचायत के सरपंच देशराज सिंह प्रमुख हैं दोनों किसानों ने पारंपरिक फसलों के स्थान पर इस औषधीय फसल को अपनाकर नई संभावनाओं की ओर कदम बढ़ाया है। चिया सीड एक अत्यंत पौष्टिक एवं औषधीय महत्व की फसल है। इसके बीजों में ओमेगा-3 फैटी एसिड, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन तथा एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण देश-विदेश के बाजारों में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। यही वजह है कि यह फसल किसानों के लिए आय बढ़ाने वाले एक बेहतर वैकल्पिक विकल्प के रूप में उभर रही है कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन और बाजार की बदलती मांग को देखते हुए फसल विविधीकरण की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। चिया सीड जैसी उच्च मूल्य वाली फसलें किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर प्रदान कर सकती हैं। साथ ही पारंपरिक खेती पर निर्भरता कम होने से जोखिम भी घटता है और खेती अधिक लाभकारी बन सकती है। विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि यदि किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, आधुनिक तकनीकी मार्गदर्शन, समय पर कृषि परामर्श तथा उपज के विपणन की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए तो चिया सीड भविष्य में तेंदूखेड़ा क्षेत्र की प्रमुख नकदी एवं औषधीय फसलों में अपना स्थान बना सकती है। स्थानीय कृषि विभाग द्वारा भी किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, नई फसलों की जानकारी देने तथा वैकल्पिक खेती के प्रति जागरूक करने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। विभाग का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ उन्हें बाजार की मांग के अनुरूप खेती के लिए प्रेरित करना है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र में चिया सीड की खेती की यह पहल न केवल कृषि क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोल रही है, बल्कि यह अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन सकती है। यदि यह प्रयोग सफल रहता है तो आने वाले वर्षों में क्षेत्र में औषधीय एवं व्यावसायिक फसलों का रकबा बढ़ने के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति को भी नई मजबूती मिल सकती है

#### अनुकूल रहा उत्पादन तो रकबा बढ़ाएंगे

शिवलाल खमरिया के किसान देशराज सिंह ने बताया कि इस बार उन्होंने मक्का के स्थान पर चिया सीड की खेती करने का निर्णय लिया है इसके लिए गुणवत्तायुक्त बीज नीमच से मंगाए गए हैं उनका कहना है कि यदि फसल का उत्पादन और बाजार दोनों अनुकूल रहे तो भविष्य में इसका रकबा और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि यह फसल किसानों के लिए लाभदायक सिद्ध हो सकती है।

**देशराज सिंह ठाकुर किसान**

#### 30 एकड़ में की बोवनी

नरगुवा निवासी किसान राजकुमार सिंह लोधी ने बताया कि पहले वे धान एवं मक्का जैसी पारंपरिक फसलों की खेती करते थे, लेकिन बदलती जलवायु उत्पादन लागत और बाजार की परिस्थितियों को देखते हुए इस वर्ष उन्होंने लगभग 25 से 30 एकड़ क्षेत्र में चिया सीड की बोवनी की है। उनका मानना है कि यदि यह प्रयोग सफल रहा तो आने वाले वर्षों में क्षेत्र के अधिक किसान भी इस औषधीय फसल की ओर आकर्षित होंगे

**किसान राजकुमार सिंह लोधी नरगुवा**

# अमानगंज में बिजली विभाग की घोर लापरवाही

## 3 माह से भटक रहा किसान, फसलें सूखने की कगार पर!

### ग्राम मकरदगंज सिमरिया के पीड़ति किसान मोती लाल कुशवाहा ने खोला मोर्चा

### 30 अप्रैल को आए तूफान के बाद से ध्वस्त पड़े हैं बिजली के पोल, अधिकारी कुंभकर्णी नींद में लीन

अमानगंज । मध्य प्रदेश के पन्ना जिला अंतर्गत अमानगंज तहसील के ग्राम मकरदगंज सिमरिया में बिजली विभाग की तानाशाही और घोर लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहाँ के एक जागरूक और पीड़ति किसान मोती लाल कुशवाहा पिता श्री रामऔतार कुशवाहा विभाग के चक्कर काट-काटकर थक चुके हैं, लेकिन अंधेरगर्दी का आलम यह है कि अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है।

#### तूफान को गुजरे 3 महीने बीते, पर नहीं जागा विभाग-

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती 30 अप्रैल 2026 को आए तेज आंधी-तूफान के कारण ग्राम हिनौता भेड़ में मुख्य विद्युत लाइन के 2 पोल और तार पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर धराशायी हो गए थे। इसी मुख्य लाइन से किसान मोती लाल कुशवाहा के खेतों में रखी डी.पी. (विद्युत कनेक्शन क्र. 354422-99-1-2075116 एवं 354422-99-1-2090170) तक सप्लाई पहुंचती है। पोल टूटने के कारण पिछले 20 दिनों से क्षेत्र की बत्ती पूरी तरह गुल है।



#### अधिकारियों के मौखिक आश्वासनों की खुली पोल-

पीड़ति किसान का आरोप है कि पिछले 2 महीने से वे लगातार बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को मौखिक रूप से इस गंभीर समस्या से अवगत करा रहे हैं। लेकिन हर बार सिर्फ खोखले आश्वासन ही हाथ लगे। धरातल पर सुधार कार्य के नाम पर आज दिनांक तक एक ईंट भी नहीं हिलाई गई है।

#### खतरे में किसानों की आजीविका-

बिजली सप्लाई ठप होने के कारण किसान की खेती-बाड़ी और सिंचाई का काम पूरी तरह ठप हो चुका है। भीषण गर्मी के इस मौसम में पानी न मिलने के कारण फसलें दम तोड़ रही हैं। एक तरफ सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ अमानगंज बिजली विभाग के सुस्त और लापरवाह रवैये के कारण अन्नदाता दाने-दाने को मोहताज होने की कगार पर पहुंच गया है।

#### तुरंत बदले जाएं पोल, वरना उग्र आंदोलन की चेतावनी-

पीड़ति आवेदक ने अब लिखित शिकायती पत्र सौंपकर मांग की है कि विभाग तत्काल मौके का मुआयना करे। टूटे हुए दोनों पोलों को बदलकर नए पोल खड़े किए जाएं और क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को दुरुस्त कर बिजली सप्लाई तुरंत बहाल की जाए। यदि जल्द ही इस अंधेरे साम्राज्य से मुक्ति नहीं मिली, तो पीड़ति किसान और ग्रामीणों को उग्र कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत मंडल और स्थानीय प्रशासन की होगी।

## नशे से दूरी है जरूरी 2.0 शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हरदी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अजयगढ़। थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हरदी में श्नशे से दूरी है जरूरी 2.0श नशामुक्ति जनजागृति अभियान पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और एक स्वस्थ एवं नशामुक्त समाज का निर्माण करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धर्मपुर थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत ने नशे की सटीक और गंभीर परिभाषा देते हुए कहा कि ष्जिसके बिना व्यक्ति रह न सके, वही नशा हैष् उन्होंने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को खोखला करता है, बल्कि यह परिवार के लिए आर्थिक और सामाजिक अभिशाप है। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, 15 से 20 वर्ष के छात्रों को अपनी कार्य योजना बनाते हुए चिंतन करना चाहिए आने वाले भविष्य में हम क्या कर सकते हैं ष्प्रत्येक व्यक्ति उच्च अधिकारी या नेता नहीं बन सकता, किन्तु जीवन में कभी नशा न करके, वह बिना किसी धन-संपत्ति के भी समाज में एक श्नशामुक्तश होने की सबसे बड़ी उपाधि प्राप्त कर सकता है।ष् आज से 20 -25 वर्ष में हम सभी वर्ग के विद्यार्थी ही इस समाज में कहीं व्यापार कहीं प्रशासन कहीं संस्थानों में अपनी सेवाएं देंगे उसमें हम सुनिश्चित करेंगे कि स्वयं भी नशा नहीं करेंगे और नशे से संबंधित व्यापार को भी बढ़ावा नहीं देंगे। कार्यक्रम में प्राचार्य ए. के. भुर्जी एवं शिक्षक सुरेंद्र सिंह ने छात्रों से नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगाने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से वयोवृद्ध हुए घायल

**तेंदूखेड़ा।** ग्राम पिंडरई पांजी में दोपहर 3.30 बजे आकाशीय बिजली गिरने से रामप्रसाद पाल 75 घायल हो गए। जिन्हें तेंदूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया हैं जहां पर डांक्टरों के द्वारा इलाज जारी हैं। परिजनों ने बताया कि रामप्रसाद खेत में धान का रोपा लगवाने के लिए गए थे, दोपहर 3.30 बजे बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी उस समय आम के पेड़ के नीचे खडे थे बिजली बायें साइड के कान के बाजू से गिरी रामप्रसाद वहीं गिर गए बारिश रूकने के बाद जब लोग वहां पहुंचे तो बेहोशी की हालत में रामप्रसाद को उठाकर स्वास्थ्य केंद्र लेकर आएं डांक्टरों ने बताया कि कान एवं बायें साइड का हिस्सा जल गया। साथ पसलियों में भी चोट आई हैं बिजली की चपेट से एक तरफ के कपडे भी जल गए।

### योगेश जाट प्रांतीय सचिव नियुक्त

**दमोह।** जिला चिकित्सालय में पदस्थ सीनियर लैब टेक्नीशियन योगेश जाट को म.प्र. स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का प्रांतीय सचिव नियुक्त किया गया है, जिला अध्यक्ष बीएम दुबे ने बताया कि भोपाल में प्रांताध्यक्ष एसबी सिंह ने संघ संविधान में प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए योगेश जाट को प्रांतीय सचिव नियुक्त किया। इस नियुक्ति पर केआर पांडेय, सत्यनारायण तिवारी, राकेश सिंह हजारी, संजीव जैन, भूप सिंह, रतन सिंह, इरफान, राजेश पांडे, राकेश गर्ग, हेमंत शुक्ला, देशराज सिंह, हेमेंद्र गौतम, सत्यम नेमा, रीना सुमन, विनी लाल, शकीला शेख, रश्मि सेन आदि ने बधाई दी है।

### विशेष क्लिनिक आयोजित

**दमोह।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विकासखंड तेंदूखेड़ा के सांगा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व देखभाल हेतु विशेष क्लिनिक आयोजित किया गया। 8 गर्भवती महिलाओँ ने सीएचओ अनुभा से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया गया। गर्भवती महिलाओं का वजन, रक्तचाप, पेट की जांच एवं भ्रूण की धडकन सहित प्रसव पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान उनकी एच.बी. पेशाब, शुगर, एच.आई.वी. एवं वी.डी.आर.एल. की निःशुल्क जांच की गई।

पंचायत मंत्री श्री पटेल ने रथ की रस्सी खींचकर यात्रा में लिया भाग, पुष्पवर्षा से स्वागत, भजन-कीर्तन और जयघोष से गूंजा वातावरण

# हजारों श्रद्धालुओं ने हाथ से खींचा प्रभु जगन्नाथ का रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर में गुरुवार को भगवान जगदीश की पारंपरिक एवं भव्य रथयात्रा धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। देवश्री बालाजी मंदिर कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रथयात्रा में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान जगदीश, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की सुसज्जित प्रतिमाएं आकर्षक रथ में विराजमान रहीं। पूरे मार्ग में जय जगदीश के जयघोष, भजन-कीर्तन और धार्मिक नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रथयात्रा का शुभारंभ सुबह 1 बजे बालाजी मंदिर परिसर में बालाजी महंत हरिराम दास जी महाराज, रामगोपाल जी महंत श्री श्यामदास जी महाराज के साथ मध्य प्रदेश के पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने मंदिर में देव श्री बालाजी के दर्शन कर रथ पर सवार भगवान जगन्नाथ स्वामी जी का विधि-विधान से पूजा-अर्चना की इसके उपरांत रथ यात्रा का शुभारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची जहां इसका समापन हुआ।

यात्रा बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुई जो रतन बजरिया गौरीशंकर मंदिर पहुंची जहां कुछ समय अल्पविराम कर चंडी जी मंदिर से मुख्य सड़क से होते हुए जनकपुरी पहुंची वहां से तीन बत्ती तिगडड़ा, प्यासी मोहल्ला, कोपरेटिव बैंक चौराहा से राय चौराहा मंदिर मस्जिद चौराहा, बड़ा बाजार राम मंदिर से होते हुए निकली और देर रात पुनः बालाजी मंदिर पहुंचकर प्रसाद वितरण के साथ भव्य समापन हुआ। मार्ग में सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। कई स्थानों पर शीतल पेय तथा प्रसादी वितरित कर श्रद्धालुओं का सम्मान किया गया। रथयात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरूषों ने आरती उतारी और परिवार व नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। हाथों में केसरिया ध्वज लिए युवा पूरे उत्साह के साथ जयघोष करते हुए चल रहे थे। बैंड-बाजों और भजन मंडलियों की मधुर प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर नृत्य करते रहे। रथ के आगे श्रद्धालु सेवा भाव से चलते हुए यात्रा की शोभा बढ़ा रहे रहे थे।

रथयात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। यात्रा के साथ पीछे पीछे प्रसादी में मालपुआ वितरण भी किया जा रहा था।

अयोजन के दौरान एसडीओपी के निर्देशन में थाना प्रभारी सुधीर बेगी द्वारा पुलिस बल के साथ ट्रेफिक व्यवस्था संभाले नजर आए। आयोजन समिति ने सभी समाजजनों, श्रद्धालुओं, प्रशासन एवं सहयोग करने वाले नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भगवान जगदीश की रथयात्रा नगर की धार्मिक परंपरा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में गहरा उत्साह और आस्था देखने को मिली।

### जगन्नाथ के भात को जगत पसारे



**पथरिया।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के जगदीश वाला मंदिर वार्ड नं 14 से जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी के जयकारें गूंजते हुए जनकपुरी वार्ड नंबर 8 में जाकर पहुंची। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और चिरौंजी से स्वागत किया एवं भजन-कीर्तन, धार्मिक झांकियाँ और पारंपरिक वाद्ययंत्र यात्रा के आकर्षण का केंद्र रहे यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर महंत गोपाल दुबे, नगर परिषद अध्यक्ष सुंदरलाल विश्वकर्मा,पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र दुबे सहित अन्य लोग शामिल हुए यात्रा के दौरान स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था की, यात्रा में एसडीएम निकेत चौरसिया, एसडीओपी प्रिया सिंधी, तहसीलदार व थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## ब्यारमा नदी के घाट पर दिखा मगरमच्छ

**बनवार। दमोह जिले के जुझार गांव से लगे ब्यारमा नदी के "बड़ों गहरा घाट" पर उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक विशालकाय मगरमच्छ को नदी किनारे देखा। बताया जा रहा है कि यह मगरमच्छ नदी में तैर रही एक मृत भैंस को खाने के लिए बार-बार पानी से बाहर निकलता रहा और यह दृश्य काफी देर तक चलता रहा, जिसे देखकर आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।**



स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार ब्यारमा नदी के इन घाटों पर पहले से ही मगरमच्छों की मौजूदगी रहती है, लेकिन बारिश के मौसम में जलस्तर बढ़ने के कारण ये मगरमच्छ अब घाटों और तटीय इलाकों तक पहुंच रहे हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। जुझार गांव नदी के बिल्कुल किनारे बसा हुआ है, ऐसे में ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मगरमच्छ दिखाई देने के बाद रामीणों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी, जिसके बाद हिंडोरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वन विभाग को अलर्ट किया गया। कुछ ही देर में वन विभाग की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया, लेकिन मगरमच्छ नदी के गहरे हिस्से में होने के कारण तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन संभव नहीं हो सका।

वन विभाग ने एहतियात के तौर पर ग्रामीणों से नदी घाटों से दूर रहने, बच्चों को अकेले नदी किनारे न जाने देने और सतर्कता बरतने की अपील की है। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों ने वन विभाग से स्थायी समाधान और निगरानी बढ़ाने की मांग की है। वन परिक्षेत्र दमोह के रेंजर विक्रम चौधरी ने बताया कि सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम भेज दी गई है और मगरमच्छ को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जा रहे हैं, साथ ही स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## डैम के पास महिला का शव मिला

**दमोह।** अज्ञात महिला का शव पानी में तैरते मिलने से सनसनी के हालात बनते देर नहीं लगी। गुरूवार शाम को सीता नगर डैम रानगिर गांव के पंप हाउस के समीप एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है जिसकी सूचना नरसिंहगढ़ पुलिस चौकी में दी गई वहीं ग्राम महूना के पास पठार वाले कुएं में एक अज्ञात युवक शव मिला है। दोनों ही शवों की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो सकी है वहीं इनका आपस में कोई संबंध तो नहीं है इसको लेकर भी चर्चाओं का बाजार सरगर्म है।सीता नगर डैम रानगिर गांव के पंप हाउस के समीप एक अज्ञात महिला का शव पानी में तैरता हुआ मिला है महिला की शिनाख्त नहीं हुई है पुलिस ने एसडीएआरएफ की टीम को सूचना देकर जिला मुख्यालय से बुलाया है शव के बारे में अभी कुछ भी कहना संभव नहीं है महिला पानी में कैसे पहुंची और उसकी मौत की वजह क्या है आत्महत्या है या मामला हत्या का है जांच के उपरांत कुछ कहा जा सकता है।



### कुएं में एक अज्ञात व्यक्ति का शव

वहीं चौकी नरसिंहगढ़ थाना दमोह देहात अंतर्गत ग्राम महूना के पास पठार वाले कुएं में एक अज्ञात व्यक्ति का शव उम्र करीबन 30-35 साल का मिला है शव करीबन 5-6 दिन पुराना है मृतक के शरीर में कीड़े पड़ गए हैं चेहरा समझ में नहीं आ रहा है मृतक बदन पर नीले रंग की शर्ट नीले रंग का लोअर नाइक कंपनी का पहने हुए हैं.. कृपया अपने अपने थाना /चौकी क्षेत्र में यदि उक्त व्यक्ति के संबंध में कोई गुम इंसान कायम हो तो उक्त अज्ञात मृतक के संबंध में चौकी नरसिंहगढ़ थाना दमोह देहात जिला दमोह को सूचित करने उसके बाद जांच शुरू कर दी गई है..।

## बारिश थमते ही खेतों में लौटी रौनक, ट्रैक्टरों के साथ बैलों से भी हो रही जुताई



**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में बारिश रुकने के बाद खेतों में पर्याप्त नमी बतर बनने से किसानों ने खरीफ फसलों की तैयारियां तेज कर दी हैं। खेतों में इन दिनों जुताई का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। अधिकांश किसान ट्रैक्टरों से खेतों की जुताई कर रहे हैं, वहीं सैलवाड़ा क्षेत्र के कई किसान आज भी पारंपरिक हल और बैलों के माध्यम से अपने खेत तैयार कर रहे हैं। बारिश के बाद अनुकूल मौसम मिलने से किसानों में उत्साह का माहौल है। खेतों में पर्याप्त नमी होने के कारण किसान समय पर बोनी करने में जुट गए हैं। इसी बीच ट्रैक्टरों की मांग बढ़ जाने से कई किसानों को किराये पर ट्रैक्टर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक किसान पारंपरिक खेती के साधनों का सहारा लेकर खेती का कार्य पूरा कर रहे हैं। सैलवाड़ा क्षेत्र के किसान अमन साहू ने बताया कि बारिश के बाद खेतों में बनी बतर का लाभ उठाने के लिए सभी किसान जल्द से जल्द बोनी करना चाहते हैं। इसी वजह से किराये के ट्रैक्टर आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में वे अपने पुराने पारंपरिक हल और बैलों से खेत की जुताई कर रहे हैं। उनके अनुसार बैलों से जुताई में समय अवश्य अधिक लगता है, लेकिन इससे वे अपनी सुविधा और समय के अनुसार खेत तैयार कर समय पर बोनी कर लेते हैं।

अमन साहू ने बताया कि इस वर्ष वे अपने खेत में धान की फसल की बोनी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की मिट्टी और मौसम धान की खेती के लिए अनुकूल हैं। इसके अलावा सैलवाड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में किसान मक्का की फसल भी बोते हैं, जो यहां की प्रमुख खरीफ फसलों में शामिल है।

ग्रामीण अंचलों में आधुनिक कृषि यंत्रों के बढ़ते उपयोग के बावजूद पारंपरिक हल और बैलों से खेती की परंपरा आज भी जीवित है। ट्रैक्टर उपलब्ध नहीं होने जैसी परिस्थितियों में यही पारंपरिक व्यवस्था किसानों के लिए सहारा बन रही है। किसानों का कहना है कि समय पर जुताई और बोनी होने से अच्छी पैदावार की उम्मीद बढ़ जाती है। क्षेत्र के खेतों में इन दिनों जुताई और बोनी की गतिविधियां तेज होने से ग्रामीण इलाकों में खरीफ कृषि सत्र पूरी रफ्तार पकड़ चुका है।

## लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नर सेवा ही नारायण सेवा है के संकल्प के साथ लायंस क्लब दमोह एवं लायंस क्लब दमोह दमयंती का शपथ ग्रहण समारोह, लायंस इंटरनेशनल के सेवा सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए आयोजित किया गया। इस गौरवशाली समारोह में दोनों ही क्लबों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज सेवा और मानवता की भलाई के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने की शपथ ली। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन, राष्ट्र के प्रति ध्वज वंदना, विश्वशांति हेतु मौन से हुई। समारोह के मुख्य अतिथि ला.पवन मलिक फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, शपथ अधिकारी ला. राजेंद्र तिवारी विशिष्ट अतिथि ला.यशवंत सेंगर, ला.दुर्गेश धूपर रीजन चेयरपर्सन, ला.केप्टिन वाधवा जोन चेयरपर्सन की विशेष उपस्थिति रही। लायंस क्लब दमोह अध्यक्ष ला. अभिषेक गोयल, सचिव ला. डॉ हरिओम दुबे, कोषाध्यक्ष ला.अशोक छाबड़ा एवं लायंस क्लब दमोह दमयंती से अध्यक्ष ला.अधीर पांडे, सचिव ला.चरनजीत सिंह वाधवा (शानू), कोषाध्यक्ष ला. अभिषेक जायसवाल को, उनके सेवा दायित्वों की शपथ दिलाई। ला.कैप्टन वाधवा ने लायंस क्लब के स्लोगन सरबत का भला के ऊपर प्रकाश डाला और उन्होंने उसका पूरा इतिहास सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम संयोजक ला.राजेन्द्र अग्रवाल, संचालन सुशील गुप्ता,निशांत चौरसिया एवं आभार, सुधीर असाटी द्वारा व्यक्त किया गया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## किशुनगंज में बर्थडे पार्टी के दौरान खूनी संघर्ष, वृद्ध महिला समेत दो गंभीर घायल

**दमोह।** देहात थाना क्षेत्र के किशुनगंज गांव में बर्थडे पार्टी के दौरान हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। शराब पीकर नाचने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया।हमले में गोदाबाई रैकवार (60), निवासी किशुनगंज तथा गणेश बंसल (32), निवासी चंपत पिपरिया गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल-112 के आरक्षक राहुल राजपूत एवं विजय ने गोदाबाई को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जबकि गणेश को परिजन निजी वाहन से अस्पताल लेकर आए।जिला अस्पताल में चिकित्सक डॉ. आरिफ खान ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। गणेश की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया, जबकि गोदाबाई का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# डीएपी स्टॉक में गड़बड़ी की आशंका, प्रभारी डबल लॉक केंद्र

### श्री दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी, तीन दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

**कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर डबल लॉक केंद्र दमोह में डीएपी उर्वरक के स्टॉक संबंधी शिकायत की जांच कराई गई, जिसमें स्टॉक प्रबंधन में गंभीर अनियमितताओं की आशंका सामने आई है। मामले को गंभीर आर्थिक अनियमितता मानते हुए प्रभारी डबल लॉक केंद्र (मार्कफेड) अरविंद दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।**

कलेक्टर श्री यादव ने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारियों ने 16 जुलाई को डबल लॉक केंद्र का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया। जांच में पाया गया कि 15 जुलाई को पोर्टल एवं भौतिक सत्यापन के अनुसार डीएपी का ओपनिंग स्टॉक 550.500 मीट्रिक टन था। जिसमें से कैश सेल 180 किसानों को 33.00 मै.टन, RO पर सेवा सहकारी समिति पडरी सहजपुर को 20.00 मे.टन, शिकारपुरा पिपरिया समिति को 20.00 मै.टन, सोजना समिति को 20.00 मै.टन इस प्रकार कुल RO पर 60.00 मै.टन प्रदाय किया गया। मार्केटिंग समिति को बिल सेल पर 50.00 मै. टन डीएपी दिया गया। इस प्रकार 15 जुलाई का कुल विक्रय 33+60+50=143 मै.टन पाया गया। इसके अनुसार 16 जुलाई को शेष स्टॉक 407.500 मीट्रिक टन होना चाहिए था, जबकि भौतिक रूप से केवल 404.350 मीट्रिक टन स्टॉक उपलब्ध पाया गया। 15 जुलाई का विक्रय 33.00 मै.टन बताया गया जबकि ई-विकास पोर्टल के अनुसार 32.85 मै.टन पाया गया।

आईएफएमएस पोर्टल के अनुसार डवल लॉक केन्द्र दमोह में होल सेलर आईडी में इफको डीएपी का स्टॉक 100.2 मै. टन तथा आईपीएल डीएपी का आज का ओपनिंग स्टॉक 552.05 मे.टन प्रदर्शित हो रहा है। इस प्रकार होलसेल आईडी पर कुल स्टॉक 652.250 मै. टन प्रदर्शित हो रहा है। आईएफएमएस पोर्टल के अनुसार डबल लॉक केन्द्र दमोह में रिटेलर आईडी में कुल 70.5 मै.टन आज का ओपनिंग स्टॉक प्रदर्शित हो रहा है। आईएफएमएस पोर्टल के अनुसार डबल लॉक केन्द्र दमोह 16 जुलाई की स्थिति में होलसेल एवं रिटेल आईडी का कुल स्टॉक 652.250+70.5 7.27=722.75 मे. टन प्रदर्शित हो रहा है।

सेवा सहकारी समिति अर्थखेड़ा का 55.5 मै.टन, सेवा सहकारी समिति बटियागढ़ का 27.05 मै.टन, सेवा सहकारी समिति कैथोरा का 28.750 मै.टन, सेवा सहकारी समिति पथरिया का 27.500 मै. टन इस प्रकार कुल 138.800 मे.टन WHR हेतु शेष बताए गए है जो कम्पनी द्वारा FOR के माध्यम से प्रदाय किए गए थे। डीएपी का कुल स्टॉक 722.75 मे.टन में से लंवित WHR 138.800 मै. टन को घटाने पर 583.95 मै.टन स्टॉक होना चाहिए जबकि आपके द्वारा आज का ओपनिंग स्टॉक 404.350 मै. टन स्टॉक भौतिक रूप से बताया गया।

कलेक्टर श्री यादव ने बताया शासन द्वारा जिले में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन प्रथम दृष्टया स्टॉक प्रबंधन में हेराफेरी की आशंका प्रतीत होती है। यह कृत्य गंभीर आर्थिक अनियमितता की श्रेणी में आता है, प्रभारी डबल लॉक केंद्र अरविंद दुबे को तीन दिवस के भीतर कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने, निलंबन तथा विभागीय जांच की कार्रवाई की जाएगी।

## नई नीति के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारी हो रहे परेशान

**दमोह।** म.प्र.शासकीय लिपिकीय कर्मचारी संघ भोपाल के संरक्षक राकेश सिंह हजारी द्वारा वित्त विभाग के प्रमुख सचिव को अवगत कराया गया है, पूर्व में पेंशन प्रकरणों का निराकरण जिला स्तर पर किया जाता था, जिससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ती दिनांक को उनका पी.पी.ओ. एवं सभी स्वत्वों का भुगतान किया जाता था, किन्तु नई पेंशन नीति जो म.प्र.शासन द्वारा 01 अप्रैल 2026 से लागू की गई जो राज्य केन्द्रीकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल के नाम से जारी की गई है, जिसमें सेवानिवृत्त हो चुके सभी संवर्गो के कर्मचारियों को अभी तक पेंशन प्रकरणों से संबंधित किसी भी प्रकार के स्वात्वों एवं पी.पी.ओ. जारी नहीं किये जा रहे है, जिससे पेंशनर्स कर्मचारी एवं पूरा परिवार आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान हो रहा है, इससे कर्मचारीयों के साथ कभी भी दुर्घटना हो सकती है, ऐसे में प्रशासन को चाहिये वर्तमान में जारी नई नीति को समाप्त किया जावें अथवा इसे सरलीकरण किया जावें ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारीयों को सेवानिवृत्ती दिनांक को उनका पी.पी.ओ. एवं सभी स्वात्वों का भुगतान किया जा सकें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)**

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2026/629 — **ई - निविदा आमंत्रण सूचना** — हटा, दिनांक 16/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि | आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_522045_1 17-07-2026 | स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 4 नग मूत्रालयों का निर्माण कार्य | 1- 06 माह 2- 28.04 लाख | 1- 5000.00 2- 22000.00 | 03-08-2026 | द्वितीय |
| 2 | 2026_UAD_522046_1 17-07-2026 | वार्ड क्र. 06 मे बालाजी वार्ड में नावघाट एक्सीलेंस स्कूल के पास संजय जैन के मकान के सामने सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 5.68 लाख | 1- 2000.00 2- 5700.00 | 25-07-2026 | द्वितीय |
| 3 | 2026_UAD_522049_1 17-07-2026 | वार्ड क्र. 15 नवोदय वार्ड में अंबेडकर भवन के सामने मार्ग चौड़ीकरण एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 03 माह 2- 5.82 लाख | 1- 2000.00 2- 5900.00 | 25-07-2026 | द्वितीय |
| 4 | 2026_UAD_522051_1 17-07-2026 | शास्त्री वार्ड में सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 03 माह 2- 8.22 लाख | 1- 2000.00 2- 8300.00 | 03-08-2026 | प्रथम |
| 5 | 2026_UAD_522052_1 17-07-2026 | वार्ड क्र. 15 में स्थित पुराना मीट मार्केट मरम्मत एवं नवीन दुकान निर्माण कार्य | 1- 06 माह 2- 17.87 लाख | 1- 2000.00 2- 14000.00 | 18-08-2026 | प्रथम |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
हटा, जिला दमोह

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
हटा, जिला दमोह

**परिशिष्ट B संख्यांक 1**
सिविल कोर्ट तेन्दूखेडा जिला दमोह
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड, तेंदुखेडा दमोह
वाद के निपटारे के लिए समन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
आरसीएस ए/12/2026
हेमवती रैकवार बनाम म.प्र. शासन द्वारा कलेक्टर
प्रेषिती- NEXT DATE : 23-07-2026
आम जनता

हेमवती रैकवार ने आपके विरूद्ध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 23-07-2026 को 10:30 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिए नियत दिन है। इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यह आज तारीख 22-06-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(सील) श्रीमती स्मृती सोनी
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड
तेंदुखेड़ा जिला - दमोह (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें-
1. यदि आपको यह आशंका है कि आपके साक्षी अपनी मर्जी से हाजिर नहीं होंगे तो आप किसी साक्षी को हाजिर होने के लिए विवश करने के लिए और ऐसी कोई दस्तावेज पेश कराने के लिए, जिसे पेश करने के लिए साक्षी से अपेक्षा करने का आपको अधिकार है, समन इस न्यायालय से आवेदन करके और आवश्यक व्ययों की रकम जमा करके ले सकते हैं। 2. यदि आप दावे को स्वीकार करते हैं तो आपको चाहिए कि वाद के खर्चे के साथ उस दावे का धन न्यायालय में जमा कर दें जिससे कि डिक्री का निष्पादन स्वयं आपके या आपकी सम्पत्ति या दोनों के विरूद्ध न करना पड़े। 3. नोट - यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय को अवकाश पर होगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा ।